









# होली मिलन समारोह में हुआ प्रतिभाओं का सम्मान

## डॉ . राजेंद्र कुमार सिंह विधायक अमरपाटन के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ कार्यक्रम, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर हुआ मंथन

नवभारत न्यूज

**अमरपाटन, 11 मार्च। पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरपाटन के सभागार में शिक्षक संयुक्त मोर्चा जिला मैहर के जिलाध्यक्ष ब्रजनंदन तिवारी के संयोजन में होली मिलन समारोह ,मातृ शक्ति सम्मान एवं शिक्षा गुणवत्ता सम्मेलन डॉ राजेंद्र कुमार सिंह विधायक अमरपाटन के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।**

कार्यक्रम प्रारंभ में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वारा जिले भर से आए हुए शिक्षकों का तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा कर होली मिलन की बधाई दी गई तत्पश्चात कार्यक्रम में मातृशक्ति के रूप में उपस्थित दीपा मिश्रा नगर पंचायत अध्यक्ष रामनगर, अंजना सिंह पटेल पर्वतारोही , प्राची सिंह ब्लैक बेल्ट कराटे एवं अंशिका पाण्डेय क्रिकेटर का सम्मान बुके एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर किया गया।

डॉ राजेंद्र कुमार सिंह ने शिक्षा पर प्रकाश डालते हुए कहा की शिक्षा सबके लिए सुलभ होनी चाहिए और दक्षता कक्षानुगत होनी चाहिए। शिक्षक का सम्मान जैसा गुरुकुल के समय में होता था वैसा ही होना चाहिए। शिक्षकों को पढ़ाने के अलावा अन्य कार्यों में संलग्न नहीं करना चाहिए तथा शिक्षकों की सभी समस्याओं का




निदान समय में होना चाहिए चाहे वह
वेतन,एरियर्स,क्रमोन्नति,अनुकंपा ,सभी तरह के क्लेम एवं स्वस्थ से जुड़ी हो। शिक्षक संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष ब्रजनंदन तिवारी द्वारा विधायक जी को एक मांग पत्र भी सोपा गया। जिस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए उन्होंने कहा कि अमरपाटन विकासखंड में शिक्षकों की समस्याओं के समाधान हेतु समस्या निवारण शिविर लगाकर समाधान है करने हेतु सभी अधिकारियों से बात तथा पत्राचार भी करेंगे। मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह अनिल देव कुशवाहा एवं ब्रजनंदन तिवारी द्वारा प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संयोजन एवं संचालन ब्रजनंदन तिवारी द्वारा किया गया कार्यक्रम में अमरपाटन ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक मिश्रा , अमरपाटन नगर परिषद अध्यक्ष समर सिंह रामनगर की नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती दीपा मिश्रा ,अमरपाटन नगर परिषद के उपाध्यक्ष श्री अगम जैन शिक्षाविद श्री रघुवीर प्रसाद तिवारी, अशोक प्रताप सिंह कार्यकारी प्रांत अध्यक्ष मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस, राजेंद्र सिंह ,शिवमंगल सिंह , रामगुलाम चौरसिया गोवर्धन त्रिपाठी तहसील अध्यक्ष पेंशनर संघ अमरपाटन, मैहर से अशोक तिवारी रामायण द्विवेदी राजमणि पांडे मनमोहन दुबे रामेश्वर त्रिपाठी शिवनारायण मिश्रा धर्मेंद्र द्विवेदी दिवाकर सिंह संतोष द्विवेदी अनिल देव कुशवाहा विनोद त्रिपाठी राजेश गुप्ता पंकज मिश्रा कार्तिकेय द्विवेदी महेश विश्वकर्मा ताला अनिल विश्वकर्मा विनोद पटेल शिवकुमार पटेल राजभान पटेल मनीराम प्रजापति करुणा पांडे ए प्रमिला खरे अनीता तिवारी संगीता जैन किरण द्विवेदी कामिनी द्विवेदी प्रभा चतुर्वेदी शाहिद सैकड़ो शिक्षक कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# वृद्ध गरीब किसान की फ़सल काट ले गए दबंग

नवभारत न्यूज

**कोटर 11 मार्च। जिले के कोटर तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मोहनिया निवासी गरीब वृद्ध किसान ददन डोहर पिता गुलजारी डोहर उम्र 67 वर्ष ने कोटर तहसीलदार को आवेदन पत्र देकर आप बीती बताई ।**



आवेदन में कहा कि 08 मार्च की रात में बूड़ा स्थित मेरी आराजी 45/4/1 रकवा 10 डिसमिल की जौ की फसल बूड़ा निवासी ददानी साकेत पिता चुनका साकेत ने दबंगई के चलते विगत वर्ष से काट लेता है ।व मना करने पर मारपीट पर आमादा होता है। फरियादी किसान ने बताया कि 09 मार्च सुबह 10 बजे अपने खेत गया तो देखा की मेरी फसल कटी पाई गयी ।यह जानकारी मैंने ग्राम पंचायत मोहनिया सरपंच को बताई ।ग्राम पंचायत द्वारा तहसील न्यायालय की शरण लेने की बात कही।

# सगे भाइयों ने मारपीट कर अधेड़ को घायल किया

## पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप

नवभारत न्यूज

**कोटर 11 मार्च । थाना कोटर के गांव टिकूरी में 2 सगे भाइयों ने अजय सिंह ( गुड्डू ) पिता जगन्नाथ सिंह उम्र 42 वर्ष के साथ मारपीट करके घायल कर दिया।**




फरियादी के अनुसार घर की छत ढलवाने के लिए दिनांक 3/03/26 को पंचायत का टैंकर लाया था जो छत ढलने के अपने घर के सामने खड़ा कर दिया था 3/03/26 की रात में प्रदीप सिंह (छोटे) ने टैंकर के दोनो टायरो को पंचर कर दिया था जिस कारण अजय सिंह (गुड्डू) 8/03/26 को पंचर बनवाने पहिया खोल रहे था उसी वक्त प्रदीप सिंह (छोटे) और इंद्रबहदुर सिंह (पिंटू) दोनो ने आकर डंडे और कुछ नुकीले वस्तु मारने लगे थे इतना मारा अजय सिंह बेहोश हो गए । करीबन 30 मिनट बेहोशी के बाद कोटर थाना लाकर एफआईआर दर्ज करवा ईलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन आज दिनाँक 11/03/26 कोटर थाना के पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं किया दूसरी तरफ जिला चिकत्सालय सतना में भर्ती घायल का ढंग से इलाज नहीं हो रहा तथा डाक्टर कह रहे हैं वहा उनकी दवाई अच्छी नहीं चल रही है डॉक्टरों द्वारा वहा से दबाव डाला जा रहा है की आप घर जाइए आप बिल्कुल ठीक हैं जबकि अजय सिंह के सिर में बहुत ज्यादा चोट लगी है 16 टांके लगे है , चलते नहीं बन रहा है।

# माहे रमज़ान का पैग़ाम- मुल्क में अमन, मोहब्बत और इंसानियत को करें मज़बूत

नवभारत न्यूज

**उचेहरा 11 मार्च। माहे रमज़ानुल मुबारक इस्लाम का सबसे मुक़द्दस और बरकतों वाला महीना माना जाता है। इसी मुबारक महीने में अल्लाह आला ने कुरआन-ए-मजीद को नाज़िल फ़रमाया, जो पूरी इंसानियत के लिए हिदायत और रहनुमाई का ज़रिया है।**

रमज़ान का महीना मुसलमानों को सब्र, तक़वा, परहेज़गारी और इंसानियत की तालीम देता है। इस महीने में मुसलमान रोज़ा रखकर, नमाज़, तिलावत-ए-कुरआन, तरावीह और दुआओं के ज़रिये अल्लाह तआला की रज़ा हासिल करने की कोशिश करते हैं। मुबारक अली भूरा



(पूर्व पार्षद एवं सदर मदीना मस्जिद बड़ी छीपहटी उचेहरा) जो पिछले लगभग 12 वर्षों से मस्जिद की सदरात की ज़िम्मेदारी निभा रहे हैं, माहे रमज़ान की फ़ज़ीलत बयान करते हुए कहा कि यह मुबारक महीना इंसान को हर तरह की बुराई, गुनाह और नाइंसाफ़ी से दूर रहने का पैग़ाम देता है और नेकियों की तरफ़ बढ़ने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने कहा कि रमज़ान का महीना रहमत, बरकत और मग़फ़िरत का महीना है। इस महीने में अल्लाह तआला अपने बंदों पर ख़ास रहमतें नाज़िल फ़रमाता है और जो बंदा सच्चे दिल से तौबा करता है, उसके गुनाह माफ़ फ़रमा दिए जाते हैं। इसी महीने में कुरआन-ए-मजीद नाज़िल हुआ, जो इंसान को हर बुरे अमल से रोकता है और अमन, मोहब्बत, इंसाफ़ और भाईचारे की तालीम देता है। मुबारक अली भूरा ने कहा कि हर मोमिन रमज़ान के पूरे महीने रोज़ा रखकर और इबादत में मशगूल रहकर अल्लाह तआला से अपने गुज़िश्ता गुनाहों की माफ़ी मांगता है और अपनी ज़िंदगी को बेहतर बनाने की कोशिश करता है।

उन्होंने कहा कि रोज़ा इंसान को भूख और प्यास का एहसास कराकर ग़रीबों और मजबूरों के दर्द को समझने की तालीम देता है, जिससे समाज में हमदर्दी और मदद का जज़्बा पैदा होता है ।उन्होंने तमाम मुसलमानों से अपील करते हुए कहा कि इस मुबारक महीने की क़द्र करें, ज़्यादा से ज़्यादा इबादत करें, कुरआन-ए-मजीद की तिलावत करें, ग़रीबों और ज़रूरतमंदों की मदद करें और अपने मुल्क व वतन में अमन, चैन, भाईचारा और खुशहाली के लिए अल्लाह तआला से खुसूसी दुआएँ करें। उन्होंने कहा कि रमज़ान का महीना साल में एक बार आता है और यह किसी को मालूम नहीं कि अगला रमज़ान किसे नसीब होगा, इसलिए हमें चाहिए कि इस मुक़द्दस महीने को ग़नीमत समझते हुए अपने आमाल की इस्लाह करें और अल्लाह तआला की इबादत में ज़्यादा से ज़्यादा वक़्त गुज़ारें।

# सामाजिक समरसता बढ़ाने सौंपी गई नई जिम्मेदारी

## समाज के अध्यक्ष बने भरत

नवभारत न्यूज

**सतना/उचेहरा 11 मार्च । ताम्रकार समाज का निर्वाचन शांतिपूर्ण और सर्व सम्मति से ताम्रकार धर्मशाला में संपन्न हो गया । निर्वाचन में समाज अध्यक्ष की नई जिम्मेदारी जहां भरतलाल ताम्रकार को सौंपी गई है वहीं युवाओं का अध्यक्ष जुगराज ताम्रकार को बनाया गया है।**




महिला मंडल की बात करें तो अंजना ताम्रकार अध्यक्ष बनीं इसी दरमियान प्रदेश प्रतिनिधियों का निर्वाचन भी सम्पन्न हुआ । ज्ञात हो कि वरिष्ठ मंडल में अध्यक्ष भरतलाल ताम्रकार, सचिव उत्तम ताम्रकार, कोषाध्यक्ष राकेश ताम्रकार (बबलू ) सर्व सहमति से निर्वाचित हुये महिला मंडल में अध्यक्ष श्रीमती अंजना ताम्रकार, सचिव श्रीमती किरण ताम्रकार, कोषाध्यक्ष श्रीमती अंकज्योति ताम्रकार को बनाया गया। नवयुवक मंडल अध्यक्ष जुगराज ताम्रकार, सचिव - विनय ताम्रकार ,कोषाध्यक्ष विनय कुमार ताम्रकार बने जबकि प्रदेश प्रतिनिधि में कृष्ण गोपाल ताम्रकार नीरज ताम्रकार, सुरेश कुमार ताम्रकार (डब्बू), श्रीमती रानी ताम्रकार ,श्रीमती सविता ताम्रकार, श्रीमती सुमित्रा ताम्रकार , श्रीमती मीनू ताम्रकार सहित अन्य सामाजिक बन्धुओं को ये जिम्मेदारी सौंपी गई काबिले गौर है कि उपर्युक्त सभी निर्वाचन के पदाधिकारी के रुप में रीवा के प्रहलाद ताम्रकार रहे। सामाजिक बन्धुओ ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियो से उम्मीद जताई है कि नवनियुक्त टीम समाज के सर्वहारा वर्ग को साथ लेकर समाज हित में कार्य करेगी जिससे इनका निर्णय समाज और नगर के विकास में होने से दोनों का गौरव बढेगा। ज्ञात हो उचेहरा नगर ताम्रकार समाज बाहुल्य नगर है।

# मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

नवभारत न्यूज

**सतना 11 मार्च। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शिवा ग्रामीण विकास संस्थान द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, खांच के सहयोग से एक भव्य और प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**




कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए सेक्टर प्रभारी बृजेंद्र सिंह ने कहा कि ग्रामीण महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और समाज में उनके योगदान को रेखांकित करना था। कार्यक्रम के दौरान गांव की उन महिलाओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास किया है। प्रस्फुटन समिति की अध्यक्ष संध्या अग्निहोत्री ने महिलाओं को सरकारी योजनाओं, स्वरोजगार के अवसरों और कानूनी अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी। स्थानीय महिलाओं और बालिकाओं द्वारा गीत व लोक नृत्य के माध्यम से महिला शक्ति का संदेश दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खांच सरपंच राम बाबू ने कहा, किसी भी गांव का सर्वांगीण विकास तब तक संभव नहीं है, जब तक वहां की महिलाएं आर्थिक और सामाजिक रूप से स्वतंत्र न हों। हमारा संस्थान खांच ग्राम में महिलाओं के कौशल विकास के लिए निरंतर कार्य करने हेतु प्रतिबद्ध है। वहीं, प्रस्फुटन समिति के सदस्यों ने ग्राम स्तर पर महिलाओं की भागीदारी ब?ाने और उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में गांव की सैक?ों महिलाओं सहित आंगनबा?ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन %महिला सुरक्षा और शिक्षा की शपथ के साथ किया गया।

### एक नजर में



## कुलगुरु प्रो . आलोक चौबे की अध्यक्षता में वरिष्ठ हुई मासिक बैठक

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट में कुलगुरु प्रो . आलोक चौबे की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों की मासिक बैठक आज रजत जयंती भवन स्थित बोर्ड रूम में संपन्न हुई। बैठक में कुलगुरु प्रो . आलोक चौबे ने विश्वविद्यालय के विभिन्न प्रशासनिक एवं शैक्षणिक कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुसंधान गतिविधियों, विद्यार्थियों के हितों तथा विभिन्न विभागों में चल रहे विकासात्मक कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने पर विशेष बल दिया। कुलगुरु ने अधिकारियों से कहा कि विश्वविद्यालय की गरिमा एवं उत्कृष्टता को बनाए रखने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा समयबद्ध रूप से निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करें। बैठक में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों एवं प्रशासनिक विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे और उन्होंने अपने-अपने विभागों की प्रगति से संबंधित जानकारी भी प्रस्तुत की। बैठक का संचालन और आभार प्रदर्शन प्रो आञ्जनेय पांडेय कुलसचिव ने किया।




## सीडीओ ने किया आकांक्षी ब्लॉक का औचक निरीक्षण

**चित्रकूट।** मुख्य विकास अधिकारी डी0पी पाल ने रामनगर ब्लाक मुख्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान ब्लॉक परिसर में बने शौचालय में टूटे हुए दरवाजे को बदलने तथा परिसर की साफ-सफाई नियमित करने का निर्देश बीडीओ को दिया। ब्लाक परिसर में ही स्थित पशु चिकित्सालय में स्टोर रूम तथा वेटनरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ब्लॉक प्रमुख रामनगर गंगाधर मिश्रा,खण्ड विकास अधिकारी रामनगर राजेश तिवारी, प्रभारी एडीओ पंचायत अनुराग पांडेय, समेत एडीओ आई एस बी जीवन राम समेत सभी ग्राम विकास /पंचायत अधिकारी तथा ब्लॉक के कर्मचारी मौजूद रहे। औचक निरीक्षण के दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्य अंकुर चौधरी ने नेशनल हाईवे से ब्लाक मुख्यालय तथा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को जोड़ने वाली सड़क को जल्द से जल्द बनवाने का मांग पत्र सीडीओ को देकर बनवाने की गुहार लगाई। साथ ही साथ उखड़ीं हुए सड़क से आमजन मानस को होने वाली दिक्कतो से अवगत कराया। इस दौरान समाज सेवी ब्रजेश पांडेय ने ब्लाक मुख्यालय में पेयजल की समस्या से निजात दिलाने की गुहार लगाई । समाज सेवी ब्रजेश पांडेय ने बताया की ब्लाक मुख्यालय में रोज तीन दर्जन से अधिक फरियादी अपनी फरियाद लेकर ब्लाक मुख्यालय आते हैं लेकिन पेय जलापूर्ति के लिए ब्लॉक में कोई नल न होने एवं पशु अस्पताल का नल बिगड़े होने से हो रही दिक्कत से सीडीओ को अवगत कराते हुए बताया कि ब्लॉक में विजली न होने पर पानी की किल्लत रहती है। पानी की व्यवस्था सही न होने के कारण फरियादियों को पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। उन्होंने सीडीओ से अविलम्ब व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है। इस दौरान सीडीओ ने ब्लॉक परिसर में बीडीओ से प्रगति रिपोर्ट पर विस्तृत जानकारी ली एवं नीति आयोग के आकांक्षी बिंदु के अनुसार ब्लॉक को विकास कार्यों में बेहतर प्रगति करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# शाह ताजुल औलिया का उर्स सम्पन्न :भारत न झुका है न झुकेगा से गूंजा समूचा उर्स

नवभारत न्यूज

**मुकुन्दपुर 11 मार्च। मैहर जिले के अमरपाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मुकुंदपुर में विराजमान शहिन्शाहे मध्य प्रदेश शाहताजुल औलिया मुहिब्बे अली रहमतुल्लाह अलैह पाक का इस वर्ष 798 वां उर्स बड़े धूम-धाम से मनाया गया। खास बात तो यह रही कि इस वर्ष उर्स में आये तमाम लोगों को एवं सभी दुकानदारों को भरपेट खाना खिलाने का इंतजाम किया गया था खाने में नाद रोटी, तन्दूरी रोटी,पूड़ी सब्जी भाजी का खास इंतजाम रहा।**





दूसरी ओर न्याज फातिहा और चादरपोशी करने कराने के लिए आलिमेदीन में हाफिज, कारी, मौलाना आदि पढ़ें लिखे लोगों को लगाया गया था। वहीं जनप्रतिनिधियों और रोजेदारों के लिए विशेष तरह के आफ्तारी स्वल्पाहार और खाने का इंतजाम किया गया था ।जिसका लाभ सभी लोगों के साथ सभी जनप्रतिनिधियों और रोजेदारों ने लुत्फ उठाया। साथ ही 10 मार्च की रात्रि 10 बजे से कव्वाली का शानदार प्रस्तुति हुई जिसमें भारत न झुका है न झुकेगा की प्रस्तुति से सभी उपस्थित लोग झूमने लगे, सईद अहमद पूर्व मंत्री मध्य प्रदेश शासन के द्वारा 3000 रुपये से कव्वाला का हौंसला अफजाई किया गया। वहीं उक्त कव्वाली में उक्त आवाज को लेकर लोगों द्वारा नोटों की बारिश होती रही। पूरी रात मशहूर कव्वाल शरीफ़ परवाज़ कानपुरी और रुखसाना बानो की बारी-बारी से कव्वाली की बेहतरीन तरीके से प्रस्तुति होती रही। 11मार्च को सुबह 7 बजे से 9बजे सुबह तक दरबार के सामने शहीदी की भी प्रस्तुति हुई। जनप्रतिनिधियों में सांसद प्रतिनिधि सत्येन्द्र सिंह, राजमणि सिंह और जितेन्द्र सिंह बघेल (जित्तू भैय्या) अहिरगांव,सईद अहमद पूर्व मंत्री मध्य प्रदेश शासन और भारी तादाद में जनप्रतिनिधियों का जमावड़ा रहा ।वहीं राजस्व विभाग के अनिल पटेल नायब तहसीलदार ताला राजस्व निरीक्षक उमाकांत मिश्रा पटवारी के के पाण्डेय के साथ विभाग के और भी अधिकारी एवं पुलिस विभाग के एसडीओपी अमरपाटन ख्याति मिश्रा, महेंद्र कुमार मिश्रा ताला थाना प्रभारी और नागेश्वर मिश्रा पुलिस चौकी प्रभारी मुकुंदपुर आदि लोगों ने कव्वाली का लुत्फ उठाये। वहीं अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन तकिया दरगाह इंतजामिया कमेटी के एवं सहयोगियों के द्वारा आये हुए जनप्रतिनिधियों सभी विभागों के अधिकारियों और पत्रकारों का फूलमालाओं से स्वागत किया गया। वहीं पुलिस बल में महिला बल और पुलिस बल चप्पे-चप्पे पर तैनात रहे। पुलिस बल का सराहनीय योगदान रहा। अध्यक्ष इंतजामिया कमेटी तकिया दरगाह (वक्फ बोर्ड) के द्वारा सभी आये अकीदतमंदों श्रद्धालुओं जनप्रतिनिधियों सभी विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया गया। वहीं सभी लोगों ने अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन भाई के उक्त सभी इंतजामों की सराहना कर रहे थे एवं प्रबंध बेहतरीन किये जाने की तारीफ कर रहे थे।

# पद्मश्री डॉ . बी के जैन की तेरहवीं पर भंडारा कल

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 11 मार्च। श्री सदगुरू नेत्र चिकित्सालय के निदेशक एवं ट्रस्टी पद्मश्री डॉ बी के जैन साहब की स्मृति में दिनांक 13/03/26 दिन शुक्रवार को रघुवीर मंदिर( बड़ी गुफा ) जानकीकुंड चित्रकूट में दोपहर 12 से 7 बजे तक भंडारे का आयोजन रखा गया है।**



उल्लेखनीय है कि 27 फरवरी 26 डॉ. का देहविलय हो गया था। डॉ. की आत्मा की शांति के लिए श्रीमती उषा बी जैन पत्नी, जिनेश जैन पुत्र, डॉ इलेश जैन पुत्र , दिलसुख लाल मगनलाल परिवार एवं समस्त सद्गुरु परिवार ने सभी से उपस्थित होने की अपील किया है।

# श्रीमद् भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर झूमे श्रद्धालु

नवभारत न्यूज

**नागौद 11 मार्च । नगर के हरदुआ मोहल्ले में इन दिनों चल रही श्रीमद् भागवत कथा में भक्ति की गंगा बह रही है। कथा के दौरान श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ ले रहे हैं। कथा व्यास बाल व्यास महाराज, श्री गु?श्वर अखंड धाम चित्रकूट ने अपने मधुर प्रवचनों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।**



कथा के दौरान स्वामी बाल व्यास जी महाराज ने भक्त प्रहलाद की अद्भुत भक्ति का वर्णन करते हुए बताया कि सच्चे मन से भगवान की भक्ति करने वाले भक्तों की भगवान स्वयं रक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि भक्ति में आस्था और समर्पण ही सबसे बड़ी शक्ति है।

कथा के बीच भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव भी बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की घोषणा हुई, पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर भक्तों ने भजन-कीर्तन कर भगवान की आराधना की और भक्ति भाव में झूम उठे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और कथा का श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त किया।